भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 1185
दिनांक 05.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत–कनाडा के बीच बढ़ते तनाव का प्रभाव

1185. **श्री नीरज डांगीः**

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा हाल के दिनों में भारत-कनाडा के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारतीय राजनयिक कर्मचारियों और नागरिकों के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ऐसी स्थिति के परिणामस्वरूप भारत में कनाडाई राजनयिक कर्मचारियों की संख्या घटाए जाने के कारण भारतीयों को वीजा आवेदनों में काफी विलंब का सामना करना पड़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट का प्रभाव कनाडाई संस्थानों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों पर भी पड़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किसी वार्ता पर विचार कर रहे हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्ति वर्धन सिंह]

(क) प्रेषक राष्ट्र के राजनयिक कर्मियों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राप्तकर्ता राष्ट्र का कर्तव्य होता है। तथापि, कनाडा के मामले में, ऐसे कई उदाहरण हैं जब भारतीय राजनयिक कर्मियों और राजनयिक परिसरों की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो गया। कनाडा में सक्रिय भारत विरोधी चरमपंथी और अलगाववादी तत्वों के कारण बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, भारत सरकार ने कनाडा के प्राधिकारियों के साथ इन चिंताओं को दृढ़ता से उठाया है और हमारे राजनयिक कर्मियों और परिसरों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की मांग की है। कनाडा के प्राधिकारियों ने कनाडा में कार्यरत भारतीय राजनयिकों के लिए बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए हमारे उच्चायोग/कोंसलावासों के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है ।

कनाडा में रहने, काम करने और पढ़ाई करने वाले भारतीय नागरिकों का कल्याण, सुरक्षा और संरक्षा भारत सरकार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कनाडा में भारतीय नागरिकों के समक्ष आने वाली समस्याओं, जब भी वे

उत्पन्न होती हैं, को कनाडा के प्राधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके।

(ख) और (ग) वर्ष 2022 (1.36 मिलियन वीजा), 2023 (1.82 मिलियन वीजा) और जनवरी–जुलाई 2024 (1.17 मिलियन वीजा) की अवधि हेतु भारतीय नागरिकों के लिए कनाडा सरकार द्वारा जारी वीजा संबंधी डाटा से यह इंगित नहीं होता है कि पर्यटन, व्यवसाय, काम या कनाडाई विश्वविद्यालयों में अध्ययन हेतु कनाडा की यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। वर्तमान में, भारतीय नागरिकों के लिए कनाडाई वीज़ा संसाधन समय यात्रा वीज़ा (यात्रा, अध्ययन और काम करने के लिए लागू) के लिए 114 दिन है।

आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों (नीचे दिए गए) के अनुसार, विगत तीन वर्षों में कनाडाई विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के प्रवेश में भी वृद्धि हुई है:

वर्ष	2021	2022	2023
भारतीय छात्र	2,16,360	3,18,380	4,27,085

(घ) भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सहित एक–दूसरे का सम्मान, कनाडा के साथ स्थिर द्विपक्षीय संबंधों के लिए पूर्व–आवश्यकताएं हैं। इस संबंध में, भारत सरकार ने बार–बार कनाडा सरकार से अनुरोध किया है कि वह अपने देश में सक्रिय सभी भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करे।

*****